प्रेस नोट दिनांक 16-11-2026 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 675/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त नीरज को चोरी गये कैन्टर, 36 पीस बॉडी स्क्रैप व बॉडी काटने में प्रयुक्त एक गैस कटर सहित किया गया गिरफ्तार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त नीरज पुत्र हरिशंकर निवासी न्यू रेवाडी मोहल्ला थाना कोतवाली नगर जनपद एटा हाल निवासी मानपुर बाईपास थाना कोतवाली देहात जनपद एटा को मानपुर बाईपास गोदाम परिसर थाना कोतवाली देहात जनपद एटा से मु0अ0सं0 675/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित एक केन्टर रजि0 नं0 यूपी 80 बीटी 4887 (बॉडी कटा हुआ बिना नम्बर प्लेट) व कुल 36 पीस बॉडी स्क्रैप व बॉडी काटने में प्रयुक्त एक गैस कटर सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 675/2026 धारा 303(2) बीएनएस में धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस की बढ़ौत्तरी की गयी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण -

दिनांक 15-11-2026 को मो0 तारिक पुत्र जाबिर हुसैन निवासी मदीना कॉलौनी गली नं0 02 थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना रामगढ़ पर तहरीर दी गयी कि वादी के चचेरे भाई अकरम पुत्र खुआजुद्दीन निवासी ताजगंज थाना ताजगंज जनपद आगरा का कैन्टर यूपी 80 बीटी 4887 जोकि जाटवपुरी चौराहे के पास सर्विस रोड पर खडा था, जिसको किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रकरण के सम्बन्ध में थाना रामगढ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त -

नीरज पुत्र हरिशंकर निवासी न्यू रेवाडी मोहल्ला थाना कोतवाली नगर जनपद एटा हाल निवासी मानपुर बाईपास थाना कोतवाली देहात जनपद एटा।

बरामदगी का विवरण-

01. एक केन्टर रजि0 नं0 यूपी 80 बीटी 4887 (बाडी कटा हुआ बिना नम्बर प्लेट)।
02. कुल 36 पीस बॉडी स्क्रैप।
03. बाडी काटने में प्रयुक्त एक गैस कटर।

आपराधिक इहितास अभियुक्त नीरज -

1. मु0अ0सं0- 188/26 धारा 112/305(ए)/238(सी)/3(5)/ बीएनएस थाना सेक्टर 20, जनपद पंचकूला हरियाणा।
2. मु0अ0सं0- 294/26 धारा 303 बीएनएस थाना चंडी मन्दिर जनपद पंचकूला हरियाणा।
3. मु0अ0सं0- 675/26 धारा 303(2)/317(2)/317(4)/317(5)बीएनएस थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम -

01. प्र0नि0 श्री संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
02. उ0नि0 श्री राजीव कुमार प्रभारी एन्टी थेप्ट मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
03. उ0नि0 श्री आदित्य चौधरी थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
04. उ0नि0 श्री रोहित तोमर थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
05. का0 305 रौकी तोमर थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
06. का0 144 शुभम तेवतिया थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
07. का0 गोपाल सर्विलांस सैल जनपद फिरोजाबाद।